**खबर संक्षेप**

### नगर निगम में राजस्व संग्रहण के लिए महापौर ने कसी कमर

**सतना।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगर निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से संपत्ति कर राजस्व संकलन की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान राजस्व की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई और इसे अधिक पारदर्शी व जनहितकारी बनाने के निर्देश दिए गए। महापौर ने स्पष्ट किया कि शहर का विकास तभी संभव है जब नागरिक जिम्मेदारी से कर का भुगतान करें।आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत को लेकर विशेष रणनीतियां बनाई गई हैं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक अदालत में करदाताओं को अधिकतम लाभ और छूट प्रदान की जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समय पर संपत्ति कर जमाकर शहर के सतत विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में राजस्व अधिकारी यूसुफ खान,पीआरओ धीरज मिश्रा और संपत्ति कर विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस वित्तीय वर्ष में संकलन की प्रक्रिया को सरल और बेहतर बनाया जाए ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

### सांसद प्रतिनिधि ने राज्य मंत्री से मिलकर विभिन्न मुद्दो बातचीत की

**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी से सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने शिष्टाचार भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास,जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं नगर के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई।

### 15 वर्ष पुरानी शासकीय जीप होगी स्क्रैप आरवीएसएफ के माध्यम से कार्यवाही के आदेश

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय में आवंटित शासकीय वाहन क्रमांक एमपी-02 एव्ही 2518 (महेंद्र जीप) को स्क्रैप किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। यह कार्यवाही वाहन के 15 वर्ष पुराने होने तथा पंजीयन अवधि समाप्त होने के कारण की जा रही है। आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा जानकारी के अनुसार वाहन को आरवीएसएफ (रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैकलिटी) के माध्यम से स्क्रैप करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके तहत पूर्व में समिति का गठन किया गया तथा लोक निर्माण विभाग विद्युत/यांत्रिकी उपसंभाग सतना से वाहन का मूल्यांकन कराया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी मैकेनिकल इंस्पेक्शन रिपोर्ट फॉर कंडेम्नेशन ऑफ व्हीकल के अनुसार वाहन का अपलेखन मूल्य 36 हजार 450 रुपये निर्धारित किया गया है। वाहन को कंडम (अनुपयोगी) घोषित करते हुए आरवीएसएफ के माध्यम से स्क्रैप किए जाने हेतु अंतिम आदेश पारित कर दिए गए हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार 15 वर्ष पूर्ण कर चुके एवं पंजीयन समाप्त वाहनों को स्क्रैप किए जाने की अनिवार्यता के तहत यह कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।

# नशे में धुत कर्मचारी ने एसई कार्यालय के सामने फूंकी दो बाइकें, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**सतना।** शहर के प्रेमनगर स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने रविवार देर रात हड़कंप मच गया,जब वहां खड़ी दो बाइकों को आग के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने एसटीसी के आउटसोर्स कर्मचारी आकाश खरे पर नशे की हालत में आगजनी करने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक, प्रेमनगर कार्यालय में रविवार रात 10बजे से सुबह 6 बजे की शिफ्ट में कर्मचारी तैनात थे। रात करीब 3 बजे कुछ कर्मचारी चाय पीने के लिए रेलवे स्टेशन गए थे। चाय पीने के बाद आकाश खरे ने वापस साथ चलने से मना कर दिया। कर्मचारी सुभाष कनौजिया ने लाइनमैन राकेश वारकंडे को फोन पर सूचना दी कि आकाश नशे में है और स्टेशन से वापस नहीं आ रहा। जब कर्मचारी आकाश को खोजने दोबारा स्टेशन गए और वहां से खाली हाथ वापस लौटे,तो उन्हें कार्यालय के सामने अपनी बाइकें धू-धू कर जलती मिलीं।

### रंगे हाथ पकड़ा गया



### आरोपी

आगजनी देख कर्मचारियों ने शोर मचाया,तभी आरोपी आकाश खरे पास ही लगे एक ट्रांसफार्मर के पीछे से आता दिखाई दिया। सहकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया और तुरंत डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### नुकसान का विवरण

इस आगजनी में दो कर्मचारियों की गाड़ियां पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। जिनके नाम सुभाष कनौजिया है हीरो एचएफ डीलक्स MP19MT4480 और मनीष दहिया की हीरो एचएफ डीलक्स MP19 MU 4785 जल गई। प्रभावित कर्मचारियों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि आरोपी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और उनकी क्षतिग्रस्त बाइकों के नुकसान की भरपाई कराई जाए। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है।



## मौसम का यू-टर्नः तेज धूप के बीच अचानक बरसे बदरा, अमरपाटन और रामपुर में भी बदला मिजाज

**सतना।** सोमवार को दोपहर में कुदरत के कई रंग एक साथ देखने को मिले। सुबह की शुरुआत तीखी धूप के साथ हुई थी,लेकिन दोपहर होते-होते अचानक हवाओं का रुख बदला और आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल लिया। देखते ही देखते जिले के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया,जिससे लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन अचानक आए इस बदलाव ने सबको चौंका दिया।

### अमरपाटन में धूप और बारिश का अनूठा संगम

मौसम का सबसे चौंकाने वाला नजारा अमरपाटन में देखने को मिला। यहाँ एक तरफ सूरज अपनी तपिश दिखा रहा था,तो दूसरी तरफ तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। 'धूप-छांव और बारिश' के इस अनोखे खेल ने राहगीरों को संभलने का मौका भी नहीं दिया। रामपुर बाघेलान क्षेत्र में कड़कड़ाती बिजली और गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे वातावरण में अचानक ठंडक घुल गई है। वहीं,जिला मुख्यालय में भी दोपहर बाद बादलों ने आसमान को पूरी तरह घेर लिया। शहर के कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है,जिससे शाम के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### तापमान और नमी का आंकड़ा

मौसम विभाग के अनुसार,हवा में नमी (आर्द्रता) का स्तर 69 फीसदी तक पहुँचने के कारण यह स्थानीय बदलाव देखा गया है। मौसम विशेषज्ञ की राय है कि हवा के कम दबाव और नमी के बढ़ने से अचानक यह 'लोकल वेदर सिस्टम' बना है।आने वाले 24 घंटों में भी बादल छाए रहने की संभावना है। आज का अधिकतमतापमान 29.0 और न्यूनतम तापमान 17.0 सेल्सियस आर्द्रता 69 फीसदी (अधिकतम) /48 फीसदी (न्यूनतम) दर्ज की गई।

### रेल परिवार ने किया लोको पायलट नीरज राज का भव्य सम्मान

**सतना।** सतना रेलवे स्टेशन पर कार्यरत लोको पायलट नीरज राज को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सतना रेल परिवार द्वारा भव्य समारोह में सम्मानित किया गया।नीरज राज को हाल ही में 'भारत सौर्य सेना बॉलीवुड अवार्ड-2026' से नवाजा गया है और उन्हें मानवाधिकार परिषद जिला सतना का संगठन सचिव भी नियुक्त किया गया है। नीरज राज,जो वेस्ट सेंट्रल



रेलवे मजदूर संघ के युवा संगठन सचिव और रेल मनोरंजन सदन के कोषाध्यक्ष भी हैं,को बॉलीवुड अभिनेता राहुल राय द्वारा सम्मानित किया गया था। इस गौरवशाली क्षण का जश्न मनाने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र सिंह,सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता अशोक चौरसिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उनका माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न भेंट किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नीरज राज की यह सफलता पूरे सतना रेलवे और रनिंग स्टाफ के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर सैकड़ों रेल कर्मचारियों सहित शहीद सैनिक सेवा समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने नीरज राज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनकी सामाजिक सक्रियता की सराहना की।

## खजुरी टोला में बदमाशों का तांडव, किसान के घर पथराव और वाहनों में की तोड़फोड़



**सतना।** शहर के सिविल लाइन थाना अंतर्गत खजुरी टोला क्षेत्र में रविवार रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया।आयुष्मान अस्पताल के पास रहने वाले एक किसान के घरपर दो बदमाशों ने हमला कर न केवल गाली-गलौज की,बल्कि घर के बाहर खड़े वाहनों को पत्थरों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी

फरियादी दीप शुक्ला 47 वर्ष ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रविवार रात करीब 11:10 बजे वे अपने परिवार के साथ घर पर थे। तभी लवी सिंधी अपने एक साथी के साथ वहां पहुंचा और उनके बेटे अर्नव शुक्ला का नाम लेकर अश्लील गालियां देने लगा। बदमाशों ने बाहर से ही जान से मारने की धमकी दी,जिससे भयभीत होकर परिवार ने घर का दरवाजा नहीं खोला।

### पुलिस के नाम पर और भड़के बदमाश

जब दरवाजा नहीं खुला,तो आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से घर पर हमला कर दिया।फरियादी ने जब अंदर से पुलिस को सूचना देने की बात कही,तो आरोपी और उग्र हो गए। उन्होंने घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल MP19 MW 5812 और स्कूटी MP19 NG10113 पर ताबड़तोड़ पत्थर बरसाए,जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

हंगामे और शोर-शराबे की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जाग गए,जिसके बाद आरोपी दोबारा धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। हमले की यह पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। दीप शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान पुख्ता की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक की मौत दो गंभीर घायल

**मैहर।** रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कटनी रोड पर दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में 19 वर्षीय एक युवक की जान चली गई,जबकि नगर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी सहित दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए एक को जबलपुर रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार यह हादसा रविवार रात करीब 9 बजे कटनी रोड स्थित कादम्बरी होटल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी कपिल दरयानी अपनी बाइक से जा रहे थे,तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर मौजूद लोग सहम गए।

### एक की मौत,दो की हालत नाजुक

दूसरी बाइक पर नकतरा निवासी आशीष 19 वर्ष वर्ष,पिता सोती कोल,अपने एक साथी के साथ सवार था। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को आनन-फानन में मैहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। आशीष कोल को अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत आशीष को मृत घोषित कर दिया। कपिल दरयानी को गंभीर चोटों के कारण व्यवसायी कपिल दरयानी की हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। आशीष के साथ बाइक पर सवार दूसरे युवक की हालत भी चिताजनक बनी हुई है,जिसका उपचार वर्तमान में सिविल अस्पताल में जारी है।पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्वर्णकार समाज ने डिप्टी कलेक्टर आसमा पटेल को सौंपा ज्ञापन

### लूट प्रकरण में उच्चस्तरीय जांच की मांग

**मैहर।** लूट प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई न होने से आक्रोशित स्वर्णकार समाज ने डिप्टी कलेक्टर आसमा पटेल को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की। समाजजनों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र एवं सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि घटना में शामिल दो आरोपियों को ग्रामीणों एवं पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया था,लेकिन अब तक न्यायालय में चालान प्रस्तुत नहीं किया गया है। पूर्व में हुई चोरियों के मामलों में भी संतोषजनक कार्रवाई न होने पर समाज ने नाराजगी जताई। आरोपियों द्वारा प्रयुक्त बिना नंबर की पल्सर बाइक को जब्त किया गया, जिसकी डिग्गी से पंजीयन दस्तावेज बरामद हुए,जिनमें वाहन क्रमांक बीआर 32 एयू 7618 अंकित है। इसके बावजूद ठोस कार्रवाई न होने से स्वर्णकार समाज में रोष व्याप्त है। समाज ने मांग की है कि लूट एवं चोरी के मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए,फरियादी द्वारा बताए गए समस्त लूट के सामान को प्राथमिकी में विधिवत दर्ज किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में देवदत्त सोनी ने मेहर सीएसपी महेंद्र सिंह से मुलाकात कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। सीएसपी महेंद्र सिंह ने आश्वस्त किया कि



जांच जारी है और शीघ्र आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ज्ञापन सौंपते समय देवदत्त सोनी,केदार सराफ,संतोष सोनी,अनुपम सोनी,भैयालाल सोनी,रामचंद सोनी,कामता प्रसाद सोनी, सुनील सोनी,पंकज सोनी,आशीष सराफ,मुकेश सोनी,संजीव सराफ,नितिन सराफ,मोना सोनी,अजय सोनी,सागर सोनी,शुभम सोनी,कृष्णा सोनी,प्रभास सोनी,अमन सोनी,प्रकाश सोनी,गौरव सोनी, शिवम सोनी,देवेंद्र सोनी,जगन्नाथ सोनी,शारदा सोनी,राहुल सोनी,सुखवंदन सोनी,मोटू सोनी,आर्यन सोनी,संगम सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे और एकजुट होकर न्याय की मांग की है।

## समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा और जनगणना प्रशिक्षण





**सतना/मैहर।** सतना और मैहर जिलों में प्रशासनिक कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। सतना कलेक्ट्रेट में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर विकास सिंह और जिला पंचायत सीईओ सहित सभी एसडीएम मौजूद रहे। वहीं, नवगठित जिला मैहर में जनगणना-2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में जन गणना सहायक,लिपिक और तहसीलदारों को जनगणना की बारीकियों और डेटा संकलन की नई तकनीकों के बारे में बताया गया। दोनों ही जिलों में प्रशासन का मुख्य जोर सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आगामी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यों (जनगणना) के लिए टीम को तैयार करने पर है। अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बजट 'विकसित मध्य प्रदेश' की दिशा में मील का पत्थरः सांसद

**सतना।** सांसद गणेश सिंह ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को 'विकसित मध्य प्रदेश' की दिशा में मील का पत्थर बताया है। 4,38,317 करोड़ रुपये का यह बजट पिछले वर्षों की तुलना में लगभग 4% अधिक है। सांसद ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह बजट गरीब,युवा,अन्नदाता,नारी शक्ति,इंडस्ट्री और इंफ्रास्ट्रक्चर के सिद्धांत पर आधारित है। बजट की मुख्य विशेषताओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में 19.25% की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। किसानों के लिए 1 लाख सोलर पंप और फसल बीमा हेतु 1,300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। लाड़ली बहना योजना के लिए 23,000 करोड़ और शिक्षा के क्षेत्र में 294 नए विद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है। सांसद ने विशेष रूप से 'यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना' का उल्लेख किया,जिसके तहत 80 लाख बच्चों को टेट्रा पैक दूध दिया जाएगा। इसके अलावा,ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए नई स्पेसटेक नीति की घोषणा प्रदेश को आधुनिकता की ओर ले जाएगी। यह बजट 2047 तक के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने वाला है।



## खबर संक्षेप

### ज्योतिष शास्त्र के ज्ञानी पं. बुद्धि प्रकाश दुबे का निधन, अमानगंज नगर में शोक की लहर



**अमानगंज।** नगर के प्रतिष्ठित दुबे परिवार के वरिष्ठ सदस्य, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं ज्योतिष शास्त्र के ज्ञानी पंडित बुद्धि प्रकाश दुबे का निधन हो गया। उनके देहावसान की खबर से अमानगंज नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पं. बुद्धि प्रकाश दुबे न केवल एक आदर्श शिक्षक रहे, बल्कि ज्योतिष शास्त्र में उनकी गहरी विद्वता और सटीक मार्गदर्शन के लिए भी वे सम्मानित थे। उन्होंने अपने ज्ञान और सरल स्वभाव से समाज में विशेष पहचान बनाई थी। वे सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। वे नगर के पहलाद दुबे के पिता थे। उनके निधन से परिवारजनों, शुभचिंतकों और शिष्यों में गहरा दुख व्याप्त है। नगरवासियों ने उनके निधन को समाज की अपूरणीय क्षति बताया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित



**अजयगढ़।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय अजयगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 फरवरी 2026 से 01 मार्च 2026 तक किया जाएगा। यह शिविर प्राथमिक शाला कारी भटिया (गट्टी का पुरवा बड़ी रुंध) में 23 फरवरी 2026 को आयोजित कियागया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार यादव ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, ग्राम सर्वेक्षण तथा विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूकता रैलियां आयोजित की जाएंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविल कुजूर ने कहा कि इस प्रकार के विशेष शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, समर्पण और सक्रिय सहभागिता के साथ शिविर को सफल बनाने का आह्वान किया। शिविर में स्वयंसेवक ग्रामीण क्षेत्र में रहकर समाजसेवा के विभिन्न कार्यों को अंजाम देंगे तथा ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिए प्रयास करेंगे। महाविद्यालय परिवार ने सभी स्वयंसेवकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



# खिरवा हार में चली गोली, युवक की गोली लगने से संदिग्ध मौत, झोपड़ी के पास मिला शव

**पन्ना।**

जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने बाले महदवा खिरवा हार क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान बलिराम चौधरी पिता बिहारी चौधरी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ककरहाई भटवा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का शव खेत में बनी एक झोपड़ी के पास पड़ा मिला।

बताया जा रहा है कि मृतक की आंख में गोली लगी हुई थी। घटनास्थल के पास थाली और रोटीयां भी पड़ी मिली है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि खेत में किसी प्रकार की पार्टी या सामूहिक भोजन का आयोजन चल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए समोबार रात 7 बजे अमानगंज समुदायक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गोली किस परिस्थितियों में चली और घटना के पीछे क्या कारण रहे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल बना हुआ प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक बलिराम चोधरी जो बाहर रहकर मजदूरी करता था जो दो दिन पहले ही अपने ग्राम आया था।

# पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर साइबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी जांच हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

### पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पन्ना मे आयोजित उक्त प्रशिक्षण मे थाना प्रभारियों सहित 50 से अधिक विवेचना अधिकारी हुये शामिल

**पन्ना**



पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में आज पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, पन्ना में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी विवेचना के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के समस्त थाना प्रभारियों सहित 50 से अधिक विवेचकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधोंकृजैसे सोशल मीडिया दुरुपयोग, ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, डिजिटल पहचान चोरी, फिशिंग आदिकृकी त्वरित एवं प्रभावी जांच सुनिश्चित करना तथा विवेचकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर हेल्पडेस्क की स्थापना की जा चुकी है, जिससे आमजन की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान की उपस्थिति मे आयोजित उक्त प्रशिक्षण में जिला साइबर टास्क फोर्स के कर्मचारी प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह आर. राहुल पाण्डेय, नितिन नवराज, उपनेन्द्र सिंह, द्वारा अधिकारियों को साइबर अपराधों की तकनीकी जांच, डिजिटल साक्ष्य के संकलन, संरक्षण एवं विश्लेषण की विधि तथा आवश्यकतानुसार उच्च स्तरीय एर्जेसियों से समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में विभिन्न महत्वपूर्ण पोर्टलों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया, जिनमें मोबाइल ट्रेसिंग हेतु सी.ई.आई.आर. (ब्म्प्त) पोर्टल, साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों के लिए एन.सी.आर.पी. (छब्त्च्) पोर्टल तथा अन्य राज्यों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई हेतु सी.आई.ए.आर. (ब्प्त) पोर्टल शामिल हैं। इन पोर्टलों के माध्यम से विवेचक अब साइबर अपराधों की त्वरित जांच एवं धनराशि फ्रीज/रिकवरी जैसी कार्यवाही समयबद्ध रूप से कर सकेंगे। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि डपदपेजतल व भ्विउम ।ffपिते द्वारा छंजपवदंस ब्लइमत ब्तपउम त्मचवतजपदह च्वतजंस (छब्त्च्) पर 01 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी से संबंधित शिकायतों में ई-एफआईआर (म-थ्प्त्) दर्ज करने का प्रावधान लागू किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत यदि पीड़ति द्वारा पोर्टल पर 1 लाख रुपये से अधिक की धनराशि की ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की जाती है, तो संबंधित प्रकरण स्वतः संबंधित राज्य/जिला पुलिस को अग्रेषित होता है तथा त्वरित विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है। अधिकारियों को ई-एफआईआर की प्रक्रिया, शिकायत के सत्यापन, प्रारंभिक जांच, संबंधित बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराने, डिजिटल साक्ष्य संकलन तथा समयबद्ध विवेचना के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रावधान से गंभीर साइबर वित्तीय अपराधों में शीघ्र कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित होगी एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों द्वारा बैंक खातों, यूपीआई, एटीएम फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग एवं अन्य ऑनलाइन धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में तत्काल तकनीकी कार्यवाही संभव हो सकेगी। विशेष रूप से ऑनलाइन ठगी के मामलों में प्रारंभिक 24 घंटे को "गोल्डन आवर" माना जाता है, जिसमें त्वरित सूचना एवं कार्रवाई से ठगी गई धनराशि की रिकवरी की संभावना अधिक रहती है। कार्यशाला के दौरान साइबर फ्रॉड की पहचान करने की तकनीक, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया, फॉरेंसिक जांच की मूलभूत जानकारी, राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल के उपयोग तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया का भी व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। वास्तविक प्रकरणों की केस स्टडी के माध्यम से अधिकारियों को व्यावहारिक दृष्टिकोण से भी प्रशिक्षित किया गया। पन्ना पुलिस जनता की सुरक्षा के प्रति सदैव सजग है एवं डिजिटल युग में नागरिकों को सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नागरिकों से अपील है कि साइबर अपराध से संबंधित किसी भी घटना की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा अपने नजदीकी थाना के साइबर हेल्पडेस्क पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।



# सलेहा नगर में जगतपूज्य आचार्य पट्टाचार्य का हुआ प्रथम नगर आगमन

**मुनि संघ के आगमन पर जैन समाज एवं नगर वासियों द्वारा की गई भव्य आगमनी**

**श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ की आगवानी दरवाजे दरवाजे पर पाद प्रक्षालन कर लिया आशीर्वाद**

**पन्ना।**

पन्ना के सलेहा नगर में जैन धर्म प्रेमियों द्वारा आचार्य मुनियों माताओं के सानिध्य में आज दिनांक 23 फरवरी से भव्य पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर संपूर्ण नगर में आध्यात्मिक वातावरण के साथ भक्ति का संचार निर्मित है आज दिन सोमवार को पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का सलेहा नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ धर्म प्रेमियों द्वारा आचार्य मुनियों का भक्ति उत्साह सेवा समर्पण के साथ भव्य आत्मीय स्वागत कर पूजन किया गया आचार्य श्री का धर्म प्रेमियों द्वारा घर घर के दरवाजे पर पाद प्रक्षालन पुष्प वर्षा आशीर्वाद लिया आचार्य श्री की आगमनी में सुसज्जित हाथी घोड़े बघ्घी बैंड बाजा शामिल रहे इस दौरान भक्ति में सरोवर होकर भजनों की धुंन पर धर्म प्रेमियों ने जमकर नृत्य किया पंचकल्याणक महोत्सव को लेकर भक्ति उत्साह का अनूठा संचार नगर में निर्मित है भारत का बच्चा बच्चा जय गुरुदेव बोलेगा भजनों एवं जय कारों के उद्घोष के साथ नगर गूजमान रहा आचार्य श्री की आगमनी में हजारों की संख्या में जैन धर्म के महिलाएं पुरुष सुंदर पोशागो में शामिल रहे।



# श्रीधाम कोटेश्वर में लोधी समाज की संगोष्ठी सम्पन्न, मार्ग हेतु 3.5 लाख रुपये एकत्र

**पन्ना।** जिले के सलेहा क्षेत्र में श्रीधाम कोटेश्वर में दिनांक 22 फरवरी 2026 को लोधी समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोटेश्वर धाम के लिए मार्ग निर्माण का प्रस्ताव प्रमुख रूप से रखा गया। समाज के गणमान्यजनों ने धाम तक सुगम रास्ता उपलब्ध कराने हेतु जमीन खरीदने का निर्णय लिया। संगोष्ठी में लगभग 18 गांवों से आए सामाजिक बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी उपस्थितजनों ने एकमत होकर कोटेश्वर धाम के लिए रास्ता खरीदने के उद्देश्य से आर्थिक सहयोग प्रदान किया। समाज के सहयोग से कुल 3,50,000 रुपये की राशि एकत्रित की गई। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह पहल धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकजुटता और सहयोग भावना की सराहना की। आगामी संगोष्ठी का आयोजन 8 मार्च 2026 को दोपहर 12रू00 बजे पुनः श्रीधाम कोटेश्वर में किया जाएगा। सामाजिक बंधुओं एवं समाजसेवकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विचार रखें तथा धाम के विकास कार्यों में आर्थिक सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आरंभ



**पन्ना।** जनगणना निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार पन्ना जिला मुख्यालय में जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के संबंध में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आरंभ हो गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। आगामी एक से 30 मई की अवधि में जनगणना की निर्धारित प्रक्रिया संपन्न की जाएगी, जिसके तहत राज्य स्तर से नियुक्त प्रशिक्षकों द्वारा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी ग्रामीण तथा नगरीय चार्ज अधिकारी एवं जनगणना लिपिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार ने ई-दक्ष केन्द्र पहुंचकर प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने दो चरणों में संपन्न होने वाली जनगणना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा प्रशिक्षणार्थियों से दो दिवसीय प्रशिक्षण में जरूरी जानकारियों से अवगत होने व प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्यों का समय सीमा में संपादन महत्वपूर्ण है। इसलिए बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया जाए। इस दौरान विभिन्न चुनौतियों से निपटने के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर समन्वय के साथ जनगणना कार्यों के संपादन के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में नगरीय निकायों के सीएमओ और तहसीलदार का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रशिक्षण के उपरांत विभाग के अधीनस्थ लोकसेवकों तक इससे संबंधित जानकारियों को साझा किया जाए। इस दौरान फील्ड ट्रेनर की नियुक्ति के संबंध में भी निर्देश दिए गए। परिचयात्मक प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने चार्ज अधिकारी एवं संलग्न कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 16 वर्ष बाद होने जा रही मतगणना प्रक्रिया की समय पर पूरी तैयारी कर लें। आगामी दिवसों में मोबाइल एप संचालन एवं तकनीकी कार्यों में दक्ष कर्मचारियों की प्रगणक के रूप में नियुक्ति की जाएगी। गणना प्रक्रिया के पूर्व भी विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। जनगणना निदेशालय से सागर संभाग प्रभारी शिवांशु कुमार और जिला प्रभारी मिलन गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि वर्ष 2027 की जनगणना एप एवं डिजिटल आधारित है। एप पर डेटा कलेक्शन के साथ ही पोर्टल पर समस्त कार्य संपादित किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**मंगलवार को कल्दा में लगेगा जिला स्तरीय शिविर**







**पन्ना।**

कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक के मौके पर मंगलवार, 24 फरवरी को ग्राम कल्दा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वृहद स्वास्थ्य शिविर एवं जनसमस्या निवारण शिविर की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया गया। साथ ही कल्दा के शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड व जरूरतमंदों को चश्मा वितरण एवं मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत लाभ प्रदान करने सहित दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, खसरा-खतौनी, ड्रायविंग लाइसेंस व जाति प्रमाण पत्र, उज्ज्वला गैस कनेक्शन इत्यादि के माध्यम से सभी पात्रजनों को लाभांवित करने के लिए भी कहा।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने गत जनवरी माह की सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में पन्ना जिले के ए ग्रेड में रहने पर समस्त विभागीय अधिकारियों के समन्वित प्रयासों की सराहना कर निरंतर रूप से बेहतर रैंकिंग की अपेक्षा की। साथ ही सुनवाई प्रक्रिया के उपरांत ही शिकायतों को फोर्स क्लोज करने की हिदायत भी दी। कलेक्टर-कमिश्नर कांन्फ्रेंस के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर विभागवार प्रगति लाने के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की मासिक बैठक के अविलंब आयोजन, समस्त गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी बनाने के संबंध में जरूरी कार्रवाई तथा संकल्प से समाधान अभियान के प्रत्येक शिविरों में टीबी व सिकल सेल एनीमिया के परीक्षण सहित निक्षय पोषण बॉस्केट के वितरण तथा लापरवाह मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई के निर्देश भी दिए। इसके अलावा गत दिवस उपार्जित धान के परिवहन को तत्काल पूर्ण कराने, खाद्यान्न उठाव तथा गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वॉश ऑन व्हील्स सेवा की शुरूआत की गई है। समस्त विभागों द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों के संस्थागत शौचालयों के सफाई कार्य के लिए इस सुविधा की मांग की जाए। इस दौरान राज्य स्तर पर एडमिनिस्ट्रेटिव परसेप्शन में जिले की बेहतर रैंक के निर्देश भी दिए गए। गेहूं पंजीयन केन्द्रों पर चना व मसूर के पंजीयन की सुविधा सहित अन्य अंतरविभागीय समन्वय के विषयों पर भी चर्चा की गई। टीएल बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

**अतिरिक्त सीईओ का शॉल व श्रीफल भेंट कर किया सम्मान-**

जिला पंचायत में पदस्थ अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक कुमार चतुर्वेदी आगामी 28 फरवरी को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होंगे। सेवानिवृत्ति के पूर्व जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा टीएल बैठक में अतिरिक्त सीईओ का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर विभिन्न शासकीय दायित्वों में एसीईओ की कार्यकुशलता की सराहना की गई। एसीईओ श्री चतुर्वेदी द्वारा भी उपस्थित विभागीय अधिकारियों का शासकीय सेवाकाल के दौरान मिले सहयोग के प्रति आभार जताया गया।



# पन्ना पुलिस द्वारा थाना धरमपुर क्षेत्र में अवैध देशी बंदूक एवं विस्फोटक सामग्री के साथ एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना जिले में अवैध शस्त्र रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना धरमपुर पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को अवैध देशी भरतल बंदूक एवं विस्फोटक सामग्री सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनु. अधि. पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमो द्वारा अपने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 22.02.2026 को थाना धरमपुर पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम छानिन में अल्ताफ के डेरा में अपने घर में अवैध शस्त्र छिपाकर रखे है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम छानिन अल्ताफ के डेरा में पहुँचकर देखा गया जो एक व्यक्ति मुखबिर के बताये अनुसार बैठा मिला। पुलिस द्वारा पूँछताछ किये जाने पर उक्त संदेही व्यक्ति द्वारा अपना नाम मुबीन खान पिता अल्ताफ खान उम्र 27 वर्ष निवासी अल्ताफ का डेरा, ग्राम छानिन थाना धरमपुर जिला पन्ना होना बताया। पुलिस टीम द्वारा तलाशी लिये जाने पर संदेही के घर में बनी दुगई में रखी चारपाई के बिस्तर के नीचे से एक पुरानी इस्तेमाली हाथ से बनी अवैध देशी भरतल बंदूक बरामद की गई। साथ ही एक काले रंग के थैले से लोहे के 10 नग छर्रे, शीशे का एक टुकड़ा, गोबर की कंडी का टुकड़ा, कैप बनाने के 02 रैपर, एक अधभरी माचिस, एक एल्युमिनियम की डिब्बी में लगभग 05 ग्राम पोटास एवं एक प्लास्टिक डिब्बी में लगभग 50 ग्राम बारूद बरामद की गई। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना धरमपुर में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

**जप्त सामग्री -**

पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से एक देशी भरतल बंदूक, लोहे के 10 नग छर्रे, विस्फोटक सामग्री एवं अन्य संबंधित सामान कुल कीमती लगभग 4,000 रुपये जप्त की गई।

**गिरफ्तार आरोपी-**

मुबीन खान पिता अल्ताफ खान उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम छानिन थाना धरमपुर जिला पन्ना

**सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि यशवंत सिंह, अवधराज सिंह, प्र.आर. जीतेन्द्र मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार, दुलीचन्द जैन, आर. वरुण सिंह, अजीत यादव, बृजेश सिंह एवं आर. प्रमोद पाल का सराहनीय योगदान रहा ।

# नयागांव से पंचमपुर सड़क निर्माण का अधूरा कार्य हुआ पूरा

**ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सरपंच कौशल किशोर लोधी एवं पूर्व जनपद सदस्य महेश लोधी का जताया आभार**



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नयागांव के मजरा पंचमपुर का निर्माणाधीन सड़क मार्ग अब पूरी तरह से बनकर तैयार होने पर गांव के लोगों ने ूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सरपंच कौशल किशोर लोधी एवं पूर्व जनपद सदस्य महेश लोधी जी का आभार जताया है। बताया जाता है कि यहां की सड़क का पहली बार पंचमपुर से बने जनपद सदस्य महेश सिंह लोधी ने मुरमीकरण अपने कार्यकाल के दौरान निर्माण कार्य कराया था। इसके बाद सरपंच कौशल किशोर लोधी जी के अथक प्रयास से यहां की सड़क डामरीकरण के लिए मांग की थी जिसके कारण तीन वर्ष के बाद अब पुरी तरह से यहां के लोगो को सडक की सौगात मिल पाई है। जिसके लिए ग्रामीणों ने आभार जताया है।

**खबर संक्षेप**

### 5 साल के मासूम को तेज रफ्तार बाइक ने मारी जोरदार टक्कर, बच्चा गंभीर रूप से घायल



**छतरपुर।** सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के निवासी 5 वर्षीय रितेश रैकवार, पिता दीपक रैकवार, आंगनबाड़ी से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने लापरवाही से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में रितेश को सिर में गंभीर चोटें आईं। बाइक सवार मौके से फरार हो गया।
घायल बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार बाइक सवार की तलाश में जुटी हुई है। स्थानीय लोग तेज रफ्तार वाहनों के प्रति लापरवाही पर चिंता जता रहे हैं।

### प्रशासनिक फेरबदल, प्रशांत अग्रवाल बने छतरपुर एसडीएम

**छतरपुर।** जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रशासनिक कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के अनुविभागीय अधिकारियों के प्रभार में बड़ा फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत कई महत्वपूर्ण अनुभागों की कमान बदली गई है। इस बदलाव में प्रशांत अग्रवाल को छतरपुर अनुभाग का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है, जो अब जिला मुख्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रशासनिक सर्जरी के तहत राजनगर अनुभाग की कमान विशा माधवानी को सौंपी गई है। उन्हें राजनगर का नया एसडीएम बनाया गया है। वहीं, अब तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे एसडीएम अखिल राठौर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में अटैच किया गया है।

# देवर-भाभी विवाद ने लिया हिंसक रूप: लाठी-कुल्हाड़ी से मारपीट, 6 घायल, वीडियो वायरल

**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटरा में पारिवारिक रंजिश और देवर-भाभी के बीच विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। पुरानी अनबन के चलते दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से जमकर मारपीट हुई, जिसमें कुल छह लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना में एक पक्ष से देशराज कुशवाहा (50), अरुण कुशवाहा (16), संध्या कुशवाहा (18) और रामदेवी कुशवाहा (43) निवासी कटरा घायल हुए। वहीं दूसरे पक्ष से भगुली कुशवाहा (50), सुधा कुशवाहा (17) और फूला बाई (45) निवासी ढिलापुर घायल बताए गए हैं। पीड़ित पक्ष की सुधा कुशवाहा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पारिवारिक विवाद के बीच उनके देवर ने जबरन शादी का दबाव बनाया और छेड़छाड़ की कोशिश की। विरोध जताने पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया, जिससे उनके परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए।दूसरे पक्ष के अरुण कुशवाहा ने इन आरोपों को



पूरी तरह निराधार करार देते हुए कहा कि भाभी भैंस लेकर जा रही थीं, मना करने पर विवाद शुरू हुआ और झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। यह घटना शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प साफ दिखाई दे रही है।
ओरछा रोड पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोप-प्रत्यारोप के बीच सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और वीडियो के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**बारात से लौटते युवकों का पीछा कर कार से ठोका, 6 घायल, 3 की हालत गंभीर**

# डीजे पर गाना बदलने की छोटी सी बात पर विवाद

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक शादी की बारात के दौरान डीजे पर गाना बदलने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट में बदल गया। घटना में कुल 6 लोग घायल हो गए, जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### बाजना थाना क्षेत्र के कचाई गांव में हुई वारदात

यह दर्दनाक घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात बाजना थाना क्षेत्र के कचाई गांव में दरगुवां तिगड्डे के पास हुई। बारात में डीजे पर जोरदार डांस चल रहा था, तभी छोटी सी बात ने हिंसक झगड़े का रूप ले लिया।

### गाना बदलने की मांग से भड़का विवाद

जानकारी के मुताबिक, बमनोरा थाना क्षेत्र की रामटौरिया चौकी अंतर्गत छुल्ला गांव के राजू राजा के बेटे अभिषेक राजा की बारात कचाई गांव



पहुंची थी। डीजे पर गाना बज रहा था, जब दूल्हे पक्ष के कुछ लोगों ने गाना बदलने की मांग की। दूसरे पक्ष के दिग्गी राजा, छोटू राजा और राजू राजा ने कहा कि पहले मौजूदा गाना खत्म होने दें, फिर नया गाना बजाया जाएगा। इसी बात पर दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई।

### पीछा कर दोबारा हमला, कार से ठोका

प्रारंभिक झड़प के बाद जब दिग्गी राजा, छोटू राजा और राजू राजा एक ही गाड़ी से घर लौट रहे थे, तो विरोधी पक्ष के लोग बोलेरो वाहन से उनका पीछा करने लगे। आरोप है कि उन्होंने गाड़ी को पीछे से टक्कर मारी और रास्ते में दोबारा लाठी-डंडों से जमकर पीटा।

### तीन घायलों की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

घटना के बाद घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए तड़के सुबह जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, एक घायल की हालत अभी भी क्रिटिकल बनी हुई है।

### पुलिस जांच में जुटी, आरोपियों की तलाश जारी

बाजना थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस का कहना है कि मामूली विवाद को हिंसक बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कन्या महाविद्यालय में धांधली के विरोध में प्रदर्शन

### पुलिस से विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं की झड़प

**छतरपुर।** छतरपुर कन्या महाविद्यालय में चल रही अनियमितताओं और धांधली के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महाविद्यालय की छात्राओं के साथ मिलकर प्राचार्य एच.डी. अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान एक कमीशन लेने संबंधित प्राचार्य का कथित ऑडियो वायरल होने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय परिसर में ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे।
इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, जिससे विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं और



पुलिस बल के बीच झड़प हो गई। छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय में परीक्षा, प्रवेश और अन्य मामलों में गंभीर अनियमितताएं बरती जा रही हैं तथा प्राचार्य द्वारा कमीशन लेकर फैसले लिए जा रहे हैं। वायरल ऑडियो में प्राचार्य के कथित तौर पर पैसे लेने की बात सामने आई है, जिसने पूरे मामले को और गरमा दिया है।
प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है और ऐसी धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग की कि प्राचार्य के खिलाफ तुरंत कार्रवाई हो, जांच समिति गठित की जाए और दोषियों को सजा दी जाए। झड़प के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। घटना के बाद महाविद्यालय परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एटीएम बदलकर 36 हजार रुपये की ठगी, युवक ने एसपी से लगाई गुहार

**छतरपुर।** शहर में एक बार फिर एटीएम कार्ड बदलकर ठगी का मामला सामने आया है। ग्राम राठ निवासी देशराज यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात व्यक्ति ने छलपूर्वक उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और उनके खाते से 36,200 रुपये निकाल लिए।देशराज यादव नगरपालिका परिषद छतरपुर में ड्राइवर के पद पर कार्यरत हैं। उनका खाता भारतीय स्टेट बैंक की छतरपुर शाखा में है। पीड़ित के अनुसार 16 फरवरी 2026 को वे पैसा निकालने बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पहुंचे थे। यहां उन्होंने 5,000 रुपये निकाले। इसी दौरान उनके पीछे खड़ा एक अज्ञात युवक चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल गया और पासवर्ड भी देख लिया।
आरोप है कि उसी दिन उनके खाते से कुल 36,200 रुपये निकाल लिए गए। जब 19 फरवरी को वे दोबारा एटीएम पर पहुंचे तो कार्ड अमान्य बताया गया। इस घटना के बाद पीड़ित ने 20 फरवरी को थाना सिविल लाइन में शिकायत दर्ज कराई। देशराज यादव ने साइबर सेल से मामले की गहन जांच कर ठग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस इस घटना की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य सुरागों के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।



# नई परिवहन नीति के खिलाफ बस ऑपरेटरों का विरोध तेज

### मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश सरकार की नई परिवहन नीति के विरोध में जिला बस आपरेटर एसोसिएशन यूनियन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के समक्ष नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर अपनी नाराजगी जताई और 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी।
जिला बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव, सचिव परिवहन और परिवहन आयुक्त को ज्ञापन भेजा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई परिवहन नीति बस ऑपरेटरों के खिलाफ है, जिससे उन्हें बेदखल किया जा रहा है। नीति के तहत शासन बसों को टेकओवर कर लेगा, ड्राइवर निजी ऑपरेटरों के रहेंगे लेकिन कंडक्टर शासन के हो जाएंगे। इससे कई समस्याएं उत्पन्न होंगी।
प्रदीप सिंह ने कहा कि यदि प्रशासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देता तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। निजी बस संचालकों की दो प्रमुख मांगें हैं- सरकार द्वारा 24 दिसंबर 2025 को एमपीआरटीसी को चालू करने संबंधी जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लिया जाए और बसों पर बढ़ाए गए टैक्स को यथावत रखा जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में बस यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, अरविंद चौरसिया, भगवतशरण अग्रवाल, अरविंद गोस्वामी, हर्ष अग्रवाल सहित कई बस संचालक शामिल थे।

# जिला अस्पताल में ब्लड डोनेट वाहन का अजीब उपयोग

### खुले में पेशाब रोकने के लिए बस दीवार से सटाकर खड़ी की

**छतरपुर।** जिला अस्पताल परिसर में सोमवार को एक हैरान कर देने वाला नजारा देखने को मिला। अस्पताल में संचालित ब्लड डोनेशन वाहन को ऐसी जगह आड़े तरीके से पार्क किया गया, जहां उसका पिछला हिस्सा सीधे दीवार से सटा हुआ नजर आया। तस्वीर सामने आने के बाद शासकीय वाहन के दुरुपयोग और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सवाल खड़े हो गए हैं।मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि वाहन को इस तरह खड़ा करने से दीवार और बस दोनों को नुकसान पहुंच सकता है। हल्की सी चूक होने पर हादसे की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जब इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ब्लड डोनेट कार्यालय के पीछे लोग खुले में पेशाब करते हैं, जिसे रोकने के उद्देश्य से बस को प्रवेश मार्ग पर खड़ा किया गया है। हालांकि सवाल यह उठता है कि अस्थायी समाधान के तौर पर बैरिकेड या गेट की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। शासकीय वाहन को इस तरह इस्तेमाल करना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। जिम्मेदार अधिकारी संतोषजनक जवाब देने से बचते नजर आए, जिससे पूरे मामले ने और तूल पकड़ लिया।



# नौगांव में 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म के विरोध में प्रदर्शन, पुतला दहन कर बैन की मांग

'यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म को लेकर नौगांव नगर में विरोध तेज हो गया है। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे तहसील चौराहे पर युवा यादव महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फिल्म के निर्माता-निर्देशक के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने मध्य प्रदेश सरकार से फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की।

**नौगांव।** प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने नौगांव थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि फिल्म का शुभारंभ 27 फरवरी को प्रस्तावित है, जिसे तुरंत रोका जाए। चेतावनी दी गई कि यदि फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो यादव समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि फिल्म में जाति विशेष को लेकर आपत्तिजनक प्रस्तुति की गई है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्मों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।
जिला पंचायत सदस्य मोहन यादव ने भी विरोध जताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में इस फिल्म का विरोध हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आई.पी. सिंह, शैलेंद्र सिंह टिंकू, जिला पंचायत सदस्य मोहन यादव, करण सिंह यादव, महिपाल सिंह, भागवत यादव, कृष्ण कुमार यादव, शिवम यादव, रईस यादव, सीताराम यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# खजुराहो डांस फेस्टिवल में आए कलाकारों को स्टेशन पर करना पड़ता है इंतज़ार

**छतरपुर।** टैक्सी की जगह निजी वाहनों की वजह से होती है लेटलतीफी खजुराहो। विश्व प्रसिद्ध खजुराहो डांस फेस्टिवल की चमक-दमक के पीछे अव्यवस्थाओं की परतें भी सामने आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, महोत्सव में प्रस्तुति देने पहुंचे कई कलाकारों को वाहन व्यवस्था की लेट-लतीफी के कारण रेलवे स्टेशन पर घंटों तक इंतज़ार करना पड़ रहा है।
बताया जा रहा है कि ट्रेन से पहुंचने वाले कलाकारों के लिए समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे उन्हें सामान के साथ प्लेटफॉर्म पर ही रुककर इंतजार करना पड़ता है,कुछ कलाकारों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि बार-बार ऐसी स्थिति बनने से असहजता होती है, लेकिन वे खुलकर बोलने से बच रहे हैं-कहीं भविष्य में काम मिलने पर असर न पड़ जाए। महोत्सव का आयोजन उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी संस्कृति विभाग भोपाल द्वारा किया जाता है जो पिछले तीन वर्षों से आदिवर्त संग्रहालय खजुराहो के कार्यालय से संचालित हो रहा है,ऐसे में सवाल उठता है कि कलाकारों की रिसेप्शन और ट्रांसपोर्ट व्यवस्था की जिम्मेदारी में लापरवाही किसकी है क्या वाहनों के चालकों से समन्वय में कमी हो रही है,क्या इनके नंबर भी सर्कुलेट नहीं किए जा सकते जिनसे आर्टिस्ट सीधा संपर्क कर सकें। क्या अनुबंधित वाहन समय पर सक्रिय नहीं रहते या फिर सूचना-संचार में गड़बड़ी हो रही हैं।
इससे पहले भी महोत्सव के प्रचार-प्रसार और व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठते रहे हैं,अब कलाकारों की असुविधा ने आयोजन की साख पर नया प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है।
गौरतलब है कि खजुराहो डांस फेस्टिवल आयोजन में लगे सभी वाहनों की व्यवस्था सिगमा टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी भोपाल को वेंडर के रूप में मिली है,जबकि पर्यटन नगरी खजुराहो में पर्याप्त टैक्सी वाहन उपलब्ध हैं जो विदेशी पर्यटकों को भी अच्छी सुविधा प्रदान करते हैं,फिर भी निजी वाहनों को क्यों लगाया जाता है ये समझ से परे है,संस्कृति के इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अगर कलाकार ही असहज हों,तो आयोजन की भव्यता अधूरी रह जाती है।

### इनका कहना-

इस तरह की कोई परेशानी कलाकारों को नहीं होती वाहन समय पर उपलब्ध हो जाते हैं।

**राजीव सक्सेना,**
**उपनिदेशक खजुराहो डांस फेस्टिवल**

# छतरपुर में नाली विवाद को लेकर मारपीट, एक का पैर फ्रैक्चर

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम सीलौन में नाली निर्माण को लेकर शुरू हुआ छोटा-सा विवाद हिंसक मारपीट में बदल गया। इस घटना में एक युवक का पैर फ्रैक्चर हो गया जबकि उसकी पत्नी को भी गंभीर चोटें आईं। पीड़ित तुलसीदास कुशवाहा ने बताया कि 22 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे उनके मकान की नाली दोनों तरफ से बनाने को लेकर गांव में तीखी बहस छिड़ गई। उन्होंने संतुलित और निष्पक्ष निर्माण की बात रखी, लेकिन दूसरे पक्ष के लोग नाली को एक ही ओर बनाने पर अड़े रहे।विवाद बढ़ने पर कल्लू मिश्रा, मनीष मिश्रा, छोटू मिश्रा, सुमित मिश्रा, भागीरथ रैकवार सहित कुछ अन्य लोगों ने उनके घर पर पहुंचकर तुलसीदास और उनकी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। हमले में



तुलसीदास के पैर में फ्रैक्चर हो गया और दोनों को गंभीर चोटें आईं। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पत्नी और उनके दो छोटे बच्चों के साथ उनका इलाज जारी है। पीड़ित तुलसीदास ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। बमीठा थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटी-मोटी बातों पर ऐसे विवाद गांव में अशांति फैला सकते हैं, इसलिए प्रशासन को जल्द हस्तक्षेप कर समाधान निकालना चाहिए।

# बमीठा थाना क्षेत्र में युवक का हथियारों संग वीडियो वायरल, ग्रामीणों में दहशत

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में एक युवक के अवैध हथियारों के साथ वीडियो के सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने से इलाके में हड़कंप मच गया है। वायरल हो रहे वीडियो में युवक सात देशी कट्टों को



साथ दिखाते हुए नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस वीडियो को युवक ने खुद फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपलोड किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक इन अवैध कट्टों के साथ वीडियो बनाकर क्षेत्र में खौफ फैलाने और दहशत का माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद गांवों में भय का वातावरण छा गया है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि यदि पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच करती है तो बड़ा खुलासा हो सकता है। इससे यह भी स्पष्ट हो सकता है कि आरोपी युवक किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा हुआ है या नहीं। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश और भय दोनों पैदा कर दिया है। वीडियो लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर हो रहा है, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में पशुधन के डिजिटल डाटा प्रबंधन अंतर्गत गठित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पशु पहचान, नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने व इसकी सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्रियान्वयन के सुधारात्मक प्रावधान अन्तर्गत प्रशिक्षण दिलाएं ताकि पशुओं के टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पशुपालकों से पशुओं के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं जिससे पशुओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाया जा सके। बैठक में पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में डिजिटल डाटा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नोडल अधिकारियों से समन्वय कर जिले के पशुधन डेटा की सटीकता व पूर्णता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में खनिज विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर कड़ी निगरानी रखें तथा अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि जवा अन्तर्गत टमस नदी से अवैध उत्खनन की शिकायतों प्राप्त होती हैं उस पर सख्ती से अंकुश लगायें। कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिशा निर्देशानुसार रायल्टी जमा करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को चूना, पत्थर के उत्खनन के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बैठक में दिये। इस दौरान विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एकल ग्राम नलजल योजना के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें, प्रमुख सचिव प्रमुख सचिव ने रीवा एवं शहडोल संभाग की समीक्षा की

**रीवा।** प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीपी नरहरि ने भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा एवं शहडोल संभाग में एकल ग्राम नलजल योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं। इसकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिन संविदाकारों के कारण कार्य में विलंब हो रहा हो उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में श्री नरहरि ने कहा कि रीवा एवं शहडोल संभाग एकल नलजल योजना में प्रदेश के अन्य संभाग में अपेक्षाकृत निचले पायदान पर हैं। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत लगातार मानीटरिंग कर कार्य को गति दिलवाएं। उन्होंने संभागायुक्तों से अपेक्षा की कि वह योजना की प्रगति की नियमित मानीटरिंग करें ताकि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सकें। प्रमुख सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कहा कि भारत सरकार की हर घर शुद्ध जल पहुंचाने की यह महत्वपूर्ण योजना है। इसमें प्रदाय की गई राशि का पूरी तरह से सदुपयोग हो तथा समय सीमा में ग्रामवासियों को शुद्ध जल मिल सके। उन्होंने कहा कि रीवा संभाग में एकल नलजल योजना अन्तर्गत घरेलू नलजल के 60148 कार्य शेष हैं। अभियान चलाकर कार्य को गति देते हुए 31 मार्च 2026 तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल ने बताया कि रिवीजन में लिए जाने के कारण नई निविदा के कार्य से देरी हुई है। इनमें से 17 हजार कनेक्शन मार्च तक तथा शेष 10 हजार कनेक्शन जून माह तक पूरे करा लिए जाएंगे। प्रमुख सचिव ने रीवा एवं शहडोल संभाग में एकल नलजल योजना के पूर्ण कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि पूरी हो गई योजनाओं का समारोहपूर्वक ग्राम पंचायत को हस्तांतरण किया जाए। उन्होंने जिला स्तर से समन्वय बनाकर सभी कार्यों को पूर्ण किए जाने की अपेक्षा की।

# शहर के शिल्पी प्लाजा पार्किंग में युवकों के बीच मारपीट, दो युवतियां दिखी बीच-बचाव करते, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, प्रेम प्रसंग का मामला

रीवा



शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित शिल्पी प्लाजा के पीछे पार्किंग परिसर में रविवार शाम युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना के दौरान मौके पर मौजूद दो युवतियां बीच-बचाव करती नजर आईं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष द्वारा थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार को शाम करीब 9 बजे शिल्पी प्लाजा की पार्किंग में स्थित मंदिर के समीप कुछ युवक एकत्रित थे। उनके साथ दो युवतियां भी मौजूद थीं। इसी दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और युवकों के बीच लात-घूंसे चलने लगे।मारपीट के दौरान एक युवक जमीन पर गिर पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख वहां मौजूद दोनों युवतियों ने बीच-बचाव का प्रयास किया और युवकों को अलग करने की कोशिश करती रहीं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद किसी तरह मामला शांत कराया गया। मिली जानकारी अनुसार मारपीट के दौरान मौजूद युवतियां शिल्पी प्लाजा स्थित एक कपड़ों के शोरूम में कार्यरत हैं। प्रारंभिक तौर पर विवाद का कारण आपसी संबंधों से जुड़ा मामला बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि अब तक किसी भी पक्ष ने औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शिकायत मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल शिल्पी प्लाजा में इस प्रकार की घटना से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

## विकसित भारत मिशनः रोजगार और आजीविका गारंटी के लिए चलेगा जन-संवाद अभियान

रीवा।

केंद्र सरकार की विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका की गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 के प्रावधानों को आम जन तक पहुँचाने के लिए, जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने रीवा और मऊगंज जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इस विशेष आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा एवं संचार) कार्यक्रम का लक्ष्य ग्रामीण स्तर पर रोजगार अधिकारों को सुदृढ़ करना और मजदूरी भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। सरकार का उद्देश्य है कि पंचायत आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन को सशक्त बनाया जाए और ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा है कि विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक संवाद आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रमों की नियमित निगरानी की जाएगी और समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। गतिविधियों के दस्तावेजीकरण के लिए उच्च गुणवत्ता वाले फोटो और वीडियो के साथ साप्ताहिक प्रतिवेदन भेजना अनिवार्य होगा। सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में इस मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कदम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।

**जिले के जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत की घटना**

## मोबाइल पर आपत्तिजनक वीडियो देखने के बाद 14 वर्षीय किशोर ने छह साल की चचेरी बहन के किया दुष्कर्म

रीवा

जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। त्योंथर अनुभाग के अंतर्गत एक गांव में 14 वर्षीय किशोर ने अपनी छह वर्ष की चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म कर मानवता को झकझोर दिया। घटना के बाद मासूम बच्ची को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए उत्तर प्रदेश ले जाया गया।



हालत में सुधार होने पर परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात आरोपी किशोर अपनी छह वर्षीय चचेरी बहन को कुरकुरे खिलाने के बहाने घर से बाहर ले गया। दुकान से लौटने के बाद वह बच्ची को घर के एक कमरे में ले गया, जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची के रोने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। कमरे का दृश्य देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने तत्काल बच्ची को संभाला, लेकिन उसे तेज रक्तस्राव हो रहा था। आनन-फानन में उसे उत्तर प्रदेश के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। रविवार को बच्ची की स्थिति में सुधार होने पर परिजन उसे लेकर जनेह थाने पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लिया है। बच्ची का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी में दुष्कर्म की पुष्टि होने की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच की जा रही है। आरोपी नाबालिग है, इसलिए उसके खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।मोबाइल पर आपत्तिजनक सामग्री बना कारण?परिजनों के अनुसार, आरोपी किशोर हाल के दिनों में मोबाइल पर आपत्तिजनक वीडियो देखता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी से प्रेरित होकर उसने यह कृत्य किया।

**सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का अभियान चलाकर निराकरण करें - कलेक्टर**

# खसरा अपडेट न करने वाले पटवारियों के निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का विभागीय अधिकारी अभियान चलाकर तत्काल निराकरण करायें। कलेक्टर्स कांफ्रेंस में यह एजेण्डा बिन्दु है अतः इसमें शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।



कलेक्टर ने महिला बाल विकास, राजस्व एवं खाद्य विभाग की लंबित शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग अन्तर्गत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन तथा खसरा अपडेट के लंबित प्रकरणों का निराकरण करायें तथा जिन हल्कों के पटवारियों द्वारा खसरा अपडेट न किये गये हो वहां के पटवारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही एसडीएम करें। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी विभाग डी या सी श्रेणी में न रहे जो विभाग इस श्रेणी में हों उनके विभाग प्रमुख की वेतन वृद्धियाँ रोके जाने की कार्यवाही की जाय। सभी अधिकारी समाधान एक दिन तथा लोक सेवा गारंटी योजना के आवेदनों का तय समय सीमा में निराकरण करें। प्रकरणों के समय सीमा से बाहर होने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने धरती आबा योजना में शामिल गांवों के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने, किसानों के शेष बची फार्मर रजिस्ट्री के लिये ईकेवायसी अपडेट कराने के भी निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने स्वरोजगार योजना के प्रकरणों की स्वीकृति के लिये अधिकारियों को बैंक से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि बैंकों में प्रस्तुत स्वरोजगार संबंधी प्रकरणों में 28 फरवरी तक शत प्रतिशत स्वीकृति दिलाये। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सभी एसडीएम तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला टी.आर.एस. कॉलेज रीवा में 25 फरवरी को

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत टी.आर.एस. कॉलेज रीवा में 25 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। रोजगार मेले में 44 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में ईगल हाईटेक इंडस्ट्रियल कार्पोरेट प्रा. लि. औरंगाबाद, सिटी कार प्रा.लि. सतना, विन्ध्या टेलीलिंक लिमिटेड चोरहटा रीवा, आमधनी आपोलो टायर्स लि. बड़ोदरा गुजरात, आमधनी बजाज आटो लिमि. चाकन/औरंगाबाद, डी एण्ड एच सेचरान, बिरला केबिल प्रा. लि. रीवा, डार्लिग पम्प प्रा. लि. रीवा, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान, एमआरएफ लिमिटेड दहज, आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान, याजाकी इंडिया लि. हरियाणा, विनप्रेज इन्फो मीडिया प्रा. लि. लखनऊ, एनईसीओ कंपनी नागपुर, अग्रोफैब मशीनरीज नागपुर, मर्दसन आटोमोटिव लाईटिंग इंडिया प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात, भगवती प्रोडक्टस लि. पुणे महाराष्ट्र, जिंदल पाइप्स गाजियाबाद, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, बजाज लाईफ इंश्योरेन्स प्रा. लि. रीवा, सीआईआई एमसीसी इंदौर, गोकलदास एक्सपोर्टस लि. बेंगलुरू, खन्ना पॉलीविअर प्रा. लि. रीवा, ओएसआरएम टेक पैक प्रा.लि. चोरहटा रीवा, केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) भोपाल, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा, जय भारत मारूती अहमदाबाद गुजरात, ऑटोलाइन प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात, रायकैम आटो प्रा.लि. अहमदाबाद गुजरात, टाटा मोटर आटो मोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात, फिएट इंडिया आटो मोबाइल्स प्रा. लि. रंजनगांव पुणे, पीजी इलेक्ट्रो प्लांट इंडिया लि. पुणे, एनआरबी बायरिंग लि. महाराष्ट्र, हायर अप्लीएन्सेस पुणे, जेके टायर्स हरियाणा, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा होटल के पास सतना, उन्नति एग्रोटेक रामवन सज्जनपुर सतना तथा जेएबीआईएल सर्किट इंडिया प्रा. लि. रंजनगांव, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा तथा अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## शहर के मॉडल वार्ड में 100% सेग्रीगेशन व कवर नाली निर्माण अनिवार्य ननि आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों ली समीक्षा बैठक, 1 मार्च से 5 नए कचरा वाहन तैनात होंगे



**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सोमवार को शहर की स्वच्छता व्यवस्था एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 -2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था और नाइट स्वीपिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।गीला-सूखा कचरा पृथक संग्रहण पर जोरनिगम आयुक्त ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक घर से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग लिया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को कचरा सेग्रीगेशन के प्रति लगातार जागरूक किया जाए और 100 प्रतिशत स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 1 मार्च से पांच नए कचरा संग्रहण वाहनों को उन वार्डों में तैनात करने के निर्देश दिए, जहां समय पर कचरा गाड़ी नहीं पहुंच पा रही है। शहर स्थित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से निकलने वाले ट्रीटेड वाटर के पुनः उपयोग पर विशेष बल देते हुए आयुक्त ने औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू के बाद उपयोग संबंधी एग्रीमेंट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि शुद्ध जल का औद्योगिक उपयोग बढ़ाकर जल संरक्षण को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, दीपक सिंह तोमर, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह, उपयंत्री शुभम तिवारी, एसबीएम सहायक नोडल अधिकारी अपूर्वा चतुर्वेदी, आईईसी एवं रेमकी टीम के प्रतिनिधि, इंडिपेंडेंट इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।सार्वजनिक शौचालयों की निगरानी सख्तजिन स्थानों पर नए यूरिनल निर्माण प्रस्तावित हैं, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ करने को कहा गया। साथ ही पुराने सभी सामुदायिक शौचालयों की स्थिति दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित सामुदायिक शौचालयों के रजिस्टर का संधारण नहीं किए जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मानकों के अनुरूप चेकलिस्ट बनाकर ही भुगतान करने तथा कमी पाए जाने पर कटौती करने के निर्देश भी दिए गए।मॉडल वार्ड व कवर नाली निर्माणस्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत मॉडल वार्ड विकसित करने के निर्देश देते हुए संबंधित वार्डों में 100 प्रतिशत सेग्रीगेशन और कवर नाली निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया। वही शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में नियमित सफाई के लिए विशेष नाइट स्वीपिंग टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के सभी अधिकारियों को रोस्टर बनाकर माह में एक दिन नाइट स्वीपिंग की मॉनिटरिंग करने को कहा गया। व्यावसायिक क्षेत्रों में ऐसे दुकानदारों को चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जो कचरा संग्रहण वाहन में कचरा नहीं देते हैं।स्कूलों में आरआरआर सेंटर, क्षतिग्रस्त डस्टबिन बदलने के निर्देशशहर के स्कूलों में आरआरआर सेंटर संचालित कराने के निर्देश दिए गए। जहां-जहां डस्टबिन क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें शीघ्र बदलने तथा सड़कों पर लगे डस्टबिन को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा गया।पहाड़िया क्षेत्र का कचरा 15 मार्च तक हटेगापहाड़िया क्षेत्र में डंप कचरे के ढेर को 15 मार्च तक पूर्णतः हटाने के निर्देश दिए गए। एमआरएफ प्लांट को स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ एमओए कर सुचारू रूप से संचालित करने पर भी जोर दिया गया।ट्रांसफर स्टेशन शिफ्ट करने की डेडलाइनमानस भवन के पास स्थित ट्रांसफर स्टेशन को 10 मार्च तक अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की सख्त डेडलाइन दी गई। आयुक्त ने चेतावनी दी कि तय समयसीमा में कार्य पूरा न होने पर कैपेक्स से राशि काटी जाएगी।

## आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में ड्रोन तकनीक की जागरूकता के लिए आयोजित हुआ सेमिनार




**रीवा।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में सविष्कार आयाम द्वारा एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य ड्रोन प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करना था,और युवाओं को इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के प्रति जागरूक करना था।
सेमिनार में उपस्थित छात्र छात्राओं को को ड्रोन तकनीक की मूल बातें, उसके कार्यप्रणाली और विभिन्न प्रकार के ड्रोनों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पिनाका शक्ति एयरोस्पेस और फलैप ऑन एविएशन के सह-संस्थापक इंजीनियर सुमन सौरभ पांडे नें भारत सरकार द्वारा ड्रोन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने संबंधी विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डाला । इन योजनाओं का उद्देश्य ड्रोन निर्माण, अनुसंधान और अनुप्रयोगों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भरता के अवसर तलाशना है ।सविष्कार द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में ड्रोन तकनीक के कृषि, रक्षा, सर्वेक्षण और खनन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उपयोगों को विस्तार से समझाया गया ।कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत अध्यक्ष डॉ सुनील पांडे नें सविष्कार आयाम द्वारा स्टार्टअप के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की । एक दिवसीय सेमीनार में महाकौशल सविष्कार आयाम के प्रांत संयोजक ओम गुप्ता , महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अभिलाषा श्रीवास्तव , डॉ जितेंद्र त्रिपाठी सहित महाविद्यालय के इकाई अध्यक्ष ओम शुक्ला , अभिषेक कुशवाहा,वैष्णवी चौरसिया ,प्रीति सिंह ,रिया सेन शुभी द्विवेदी ,मुस्कान पटेल महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे ।

# कलेक्टर ने राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

मऊगंज

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का 25 फरवरी को मऊगंज जिले का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। राज्यपाल सलैया हनुमना के सलैया में आदि सेवा केन्द्र का भ्रमण करेंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जनजातीय समुदाय के परिवारों को आवंटित आवास का निरीक्षण कर उनसे संवाद करेंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल गहवरा में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वसहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित भी करेंगे। राज्यपाल द्वारा हितलाभ वितरण एवं जनजातीय समुदाय के नायकों का सम्मान किया जाएगा। राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आयोजन स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सलैया में हेलीपैड में आवश्यक व्यवस्थाओं सहित आदि सेवा केन्द्र व गहवरा के कार्यक्रम स्थल की मंचीय व्यवस्था, पार्किंग, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## मऊगंज मे शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाएं - कलेक्टर**



**मऊगंजः** कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि आगामी दिनों में होली, गुडी पडवा, ईद-उलफितर एवं रामनवमी के त्योहार मनाए जाएंगे। जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्योहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे। त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं। त्योहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें। त्यौहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं। इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा। शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। सबके सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की है। संबंधित अधिकारी इन सभी त्योहारों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद रखें। त्यौहारों के दौरान सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। बैठक में समिति के सदस्यों ने विभिन्न त्योहारों के आयोजन के संबंध में अपने सुझाव भी दिए। बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।